# मेरी चिंता करने वाला खाटू में बैठा है भजन लिरिक्स

मेरी चिंता करने वाला,
खाटू में बैठा है,
मेरे संकट हरने वाला,
खाटू में बैठा है।bd।

तर्ज – प्यार हमारा अमर रहेगा।

---

दीन दयाला मुरली वाला,
मेरा साथी खाटू वाला,
आंच भी मुझ पर कैसे आए,
श्याम जो मेरा है रखवाला,
मेरी रक्षा करने वाला,
खाटू में बैठा है,
मेरी चिंता करनें वाला,
खाटू में बैठा है,
मेरी संकट हरने वाला,
खाटू में बैठा है।bd।

---

विपदा आए मन घबराए,
सांवरा मुझको राह दिखाए,
याद करूँ मैं नाम लूँ उसका,
लीले चढ़ कर वो आ जाए,
मेरी लाज बचाने वाला,
खाटू में बैठा है,
मेरी चिंता करनें वाला,
खाटू में बैठा है,
मेरी संकट हरने वाला,
खाटू में बैठा है।bd।

---

श्याम धणी की मोरछड़ी की,
छाया में परिवार है मेरा,
मुझको कमी क्या शीश का दानी,
‘सोनू’ पालनहार है मेरा,
मेरी बिगड़ी बनाने वाला,
खाटू में बैठा है,
मेरी चिंता करनें वाला,
खाटू में बैठा है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरी संकट हरने वाला,
खाटू में बैठा है।bd।

मेरी चिंता करने वाला,
खाटू में बैठा है,
मेरी संकट हरने वाला,
खाटू में बैठा है।bd।

स्वर – राजू मेहरा जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com